# 3 अध्याय संभाग एवं जिला परिदृश्य

- **रामलुभाया कमेठी** की सिफारिशों से **17 मार्च 2023** को **मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत** ने **3 नए संभाग** एवं **19 नए जिले** बनाने कि घोषणा की। वर्तमान समय में राजस्थान में **10 संभाग** एवं **50 जिलें** हो गए है।
- वर्तमान में राजस्थान **सर्वाधिक जिलों** के मामले में **देश** में **उत्तरप्रदेश (75)** व **मध्य प्रदेश (55)** के बाद **तीसरे स्थान** पर है।

**नोट** - मुख्यमंत्री ने **6 अक्टूबर, 2023** को **मालपुरा, सुजानगढ़, कुचामन सिटी** ओर तीन **नए ज़िले** बनाने की घोषणा की है ( प्रस्तावित ) अगर ये तीनों जिले बनते है तो भविष्य में राजस्थान में **कुल 53 जिले** हो जायेंगे।]

- **नवीनतम संभाग** - सीकर, बाँसवाड़ा , पाली
- **नवीनतम जिले** - अनूपगढ़ ,गंगापुर सिटी, कोटपूतली, बालोतरा, जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण, खैरथल, ब्यावर, नीमकाथाना, डींग, जोधपुर शहर, जोधपुर ग्रामीण, फलौदी, डीडवाना, सलूंबर, दूदू, केकड़ी, सांचौर और शाहपुरा


**राजस्थान के संभाग -**

नए संभाग एवं जिलों की घोषणा के बाद अब राजस्थान के **50 जिलों** को **प्रशासनिक दृष्टि** से कुल **10 संभागों** में विभाजित किया गया है

| क्र.स. | संभाग | गठन वर्ष | ज़िले |
|---|---|---|---|
| 1 | **जयपुर** | 1949 | जयपुर शहर , जयपुर ग्रामीण, दूदू, कोटपूतली-बहरोड़ दौसा, खैरथल - तिजारा , अलवर (7 जिले) |
| 2 | **जोधपुर** | 1949 | जोधपुर, जोधपुर ग्रामीण, फलौदी, जैसलमेर, बाड़मेर, बालोतरा (6 जिले) |
| 3 | **बीकानेर** | 1949 | बीकानेर, अनूपगढ़, हनुमानगढ़, गंगानगर (4 जिले) |
| 4 | **उदयपुर** | 1949 | उदयपुर, भीलवाडा, राजसमंद, चित्तौड़गढ़, सलूम्बर (5 जिले) |
| 5 | **कोटा** | 1949 | कोटा, बूँदी, बारां , झालावाड़ (4 जिले) |
| 6 | **अजमेर** | 1987 | अजमेर, ब्यावर, केकड़ी, नागौर, टोंक, डीडवाना-कुचामन, शाहपुरा (7 जिले) |
| 7 | **भरतपुर** | 2005 | भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, डीग, गंगापुर सिटी (6 जिले) |
| 8 | **पाली** | 2023 | पाली, सांचौर, जालौर, सिरोही (4 जिले) |
| 9 | **बाँसवाड़ा** | 2023 | बाँसवाड़ा , डूंगरपुर, प्रतापगढ़ (3 जिले) |
| 10 | **सीकर** | 2023 | सीकर, झुंझुनू, चुरू, नीमकाथाना (4 जिले) |

Unleash the topper in you

- सर्वाधिक जिलों वाले संभाग - जयपुर (7), अजमेर(7), जोधपुर(6), भरतपुर(6), उदयपुर(5)
- न्यनतम जिलों वाले संभाग - बाँसवाड़ा (3), कोटा(4),पाली (4), सीकर(4) बीकानेर (4)




1. **जयपुर संभाग -**

नवीनतम जिलों के गठन के बाद अब **जयपुर संभाग** में **7 जिलों** को शामिल किया गया है तथा कुछ जिलों **(सीकर, झुंझुनू)** को जयपुर संभाग से हटाकर नए संभाग **(सीकर)** में शामिल किया गया है। जयपुर संभाग के अन्तर्गत आने वाले जिले निम्नलिखित है -

- जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण, दूदू, कोटपूतली-बहरोड़ दौसा, खैरथल - तिजारा, अलवर
- पूर्व जयपुर क्षेत्र से निम्नलिखित **निम्नलिखित जिले** बनाये गए
  - जयपुर शहर (पूर्व जयपुर क्षेत्र का शहरी भाग)
  - जयपुर ग्रामीण (पूर्व जयपुर क्षेत्र का ग्रामीण क्षेत्र + आशिक रूप से कुछ शहरी क्षेत्र से)
  - कोटपुतली बहरोड़ (पूर्व जयपुर क्षेत्र + अलवर क्षेत्र से अलग करके)
  - दूदू (पूर्व जयपुर क्षेत्र से अलग करके)

**(i) जयपुर शहर (नवीनतम जिला) -**

- इस नवीनतम जिले में निम्न लिखित **4 तहसीलों (आंशिक)** को शामिल किया है -
  - ✓ **जयपुर** (जयपुर का नगर निगम जयपुर (हेरिटेज) एवं नगर निगम जयपुर (ग्रेटर) के अन्तर्गत आने वाला समस्त भाग)
  - ✓ **कालवाड़** (नगर निगम जयपुर ग्रेटर अन्तर्गत आने वाला समस्त भाग)
  - ✓ **आमेर** (आमेर का नगर निगम जयपुर (हेरिटेज) के अन्तर्गत आने वाला समस्त भाग)
  - ✓ **सांगानेर** (सांगानेर का नगर निगम जयपुर (ग्रेटर) के अन्तर्गत आने वाला समस्त भाग)
- जयपुर अपनी **समृद्ध भवन निर्माण-परंपरा, सरस-संस्कृति** और **ऐतिहासिक महत्व** के लिए प्रसिद्ध है।
- यह जिला पूर्णत: जयपुर ग्रामीण जिले से सीमा बंद है
- राज्य का राजधानी मुख्यालय
- इसे '**गुलाबी नगरी**' या '**पिंक सिटी**' भी कहा जाता है (स्टैनली रीड ने)

- **महाराजा जयसिंह द्वितीय** (आमेर नरेश) ने **वर्ष 1728** में **जयपुर शहर (हैरीटेज जयपुर)** की स्थापना की थी ।
- इस शहर के वास्तुकारइस शहर के वास्तुकार विद्याधर भट्टाचार्य थे ।
- **यूनेस्को** द्वारा **जुलाई 2019** में **जयपुर** को **वर्ल्ड हेरिटेज सिटी** का दर्जा दिया गया है ।
- जयपुर को भारत का **पेरिस** भी कहा जाता है।
- **पर्यटन एवं धार्मिक स्थल** - हवामहल, जंतर-मंतर, आमेर दुर्ग, जयगढ़, नाहरगढ़, मोती डूँगरी किला, जलमहल, ईसरलाट, रामनिवास बाग, सिसोदिया रानी का बाग, कनक घाटी, खोले के हनुमानजी एवं अन्नपूर्णा माता रोपवे, चूलगिरि जैन तीर्थ, गलताजी तीर्थ स्थल, ताल कटोरा, गोविंद देवजी मंदिर आदि।

### (ii) जयपुर ग्रामीण (नवीनतम जिला) -

इस नवीनतम जिले में निम्न लिखित **4 (आंशिक) + 14 तहसीलों** को शामिल किया है -

- **4 तहसील (आंशिक)**
  - ✓ **जयपुर** (नगर निगम जयपुर हेरिटेज, नगर निगम जयपुर ग्रेटर के अन्तर्गत आने वाले भाग को छोड़कर शेष समस्त भाग)
  - ✓ **कालवाड़** (नगर निगम जयपुर ग्रेटर के अन्तर्गत आने वाले भाग को छोड़कर शेष समस्त भाग)
  - ✓ **सांगानेर** (नगर निगम जयपुर ग्रेटर के अन्तर्गत आने वाले भाग को छोड़कर शेष समस्त भाग)
  - ✓ **आमेर** (नगर निगम जयपुर हेरिटेज के अन्तर्गत आने वाले भाग को छोड़कर शेष समस्त भाग)
- **14 तहसील**
  - ✓ जालसू, बस्सी, तूंगा, चाकसू, कोटखावदा, जमवारामगढ़, आंधी, चौमू, फुलेरा, माधोराजपुरा, रामपुरा डाबड़ी, किशनगढ़ रेनवाल, जोबनेर, शांहपुरा
- जयपुर ग्रामीण में बहने वाली नदियों में बाणगंगा, ताल नदी, माधोवती नदी, और रोहडा नदी शामिल हैं
- **पर्यटन एवं धार्मिक स्थल**- शीलतामाता चाकसू, चौमू का किला, गोनेर, सांभर झील (रामसर साइट), जमवारामगढ़ किला, सामोद हनुमानजी मदिर, माधोराजपुरा किला, ज्वाला माता, नरायणा दादू धाम, जगदीश मंदिर, ताला पीर की दरगाह, शांकभरी माता साँभर आदि

### (iii) दूदू (नवीनतम जिला) -

- इस नए जिले का गठन **जयपुर** के पृथक कर के बयाना गया है ।
- इस नवीनतम जिले में निम्न लिखित **3 तहसीलों** को शामिल किया है -
  - ✓ दूद, मौजमाबाद, फागी
- **मोजमाबाद** को **सन् 973 ई.** में **परमार शासक राजा मोंज** ने बसाया था।
- आमेर के राजा **मानसिंह प्रथम** का जन्म **मोजामाबाद** में**1550 ई** में हुआ था।
- यह राजस्थान का **सबसे छोटा** जिला है।
- राजस्थान का **पहला पंचायत मुख्यालय** जो सीधा **जिला** बन गया।
- दूदू जिले में सबसे कम **तीन तहसील**, **तीन थाने** और **एक पुलिस सर्किल** है।
- दूदू की पहली जिला कलेक्टर **डॉ अर्तिका शुक्ला** हैं और पहली एसपी **पूजा अवाना** हैं।
- **पर्यटन एवं धार्मिक स्थल** - भैराणा धाम (संत दादूदयालंजी का निर्वाण एवं समाधि स्थल), छापरवाड़ा बाँध, दूदू किला, मरवा किला, साखून किला, भर्तो की बावड़ी (मोजमाबाद), दिगंबर समाज का जैन मंदिर( गुफाओं का मंदिर), 52 परिवार की हवेली (मोजमाबाद) आदि ।

### (iv) कोटपूतली-बहरोड़ (नवीनतम जिला) -

- इस नवीनतम जिले में निम्न लिखित **8 तहसीलों** को शामिल किया है -
  - ✓ कोटपूतली, बहरोड़, बानसूर, नीमराना, मांढण, नारायणपुर, विराटनगर, पावटा
  - ✓ **पूर्व जयपुर क्षेत्र** से कोटपुतली, विराटनगर, पावटा और **अलवर से** बहरोड़, बानसूर, नीमराना, मांढण, नारायणपुर आदि को नवनिर्मित जिला **कोटपूतली - बहरोड़** में शामिल किया गया है
- इस जिले के एक बड़े क्षेत्र को आमतौर पर **"राठ"** के रूप में जाना जाता है
- **विराटनगर** तहसील का उल्लेख **प्राचीन भारतीय ग्रंथों** में **मत्स्य साम्राज्य** की **राजधानी** के रूप में मिलता है
- **विराटनगर** में पर **लघु शिलालेख** और **भाबरू शिलालेख** मिले है यहां खुदाई से प्राप्त **मुद्राओं** से **इंडो-ग्रीक शासन** के स्पष्ट संकेत मिलते है।
- यहां **मोर्य कालीन सभ्यता** के प्रमाण मिले है।
- **इस जिले की आकृति** आसमान में उड़ते हुए **सारस** जैसी लगती है